# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिये जारी किया घोषणा पत्र। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र एक चुनाव और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले पांच वर्षो तक जारी रखने का किया वादा।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान हुआ तेज। बसपा प्रमुख मायावती ने कीं सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभाएं।
- भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महाराजगंज और कुशीनगर में तथा बृजेश पाठक ने हरदोई में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में की मतदान की अपील।
- समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिये आज सात और उम्मीदवारों की जारी की सूची।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए कल अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया गया। संकल्प पत्र में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले पांच वर्ष तक जारी रखने की बात कही गई है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है।

संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की बात कही गई है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा भी किया गया है। भाजपा ने देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का वादा किया है। घोषणा पत्र में भाजपा ने कहा कि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान लॉन्च किया जाएगा और चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यात्री भेजा जायेगा।

पूर्वोत्तर में शांति बनाए रखने के लिए भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कहा कि पार्टी अशांत क्षेत्रों में मुद्दों के समाधान और चरणबद्ध तरीके से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को हटाने के प्रयास जारी रखेगी।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाता है जो विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभ हैं। श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र जीवन की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भाजपा देशहित में बड़े और कड़े फैसले लेने से कभी पीछे नहीं हटती।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने कल सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सहारनपुर से प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए मायावती ने पार्टी प्रत्याशी माजिद अली के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी कांग्रेस, भाजपा या किसी भी विपक्षी पार्टी के साथ गठबंधन में नहीं है बल्कि अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद ज्यादातर सरकारें कांग्रेस पार्टी की रही हैं, लेकिन अपनी दलित और पिछड़ा वर्ग विरोधी नीतियों के चलते इस पार्टी को केंद्र और राज्यों से बाहर होना पड़ा। वहीं पूंजिवादी नीतियों के कारण भाजपा की भी इस बार केंद्र की सत्ता में वापसी नहीं होगी। मुजफ्फरनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि यदि केन्द्र में उनकी सरकार आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के लिये ठोस कदम उठाये जायेंगे।

उधर, भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य महराजगंज और कुशीनगर में सोशल मीडिया वॉलन्टियर्स सम्मेलन में सम्मिलित हुए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक हरदोई में सोशल मीडिया वॉलटिंयर्स कार्यक्रम में शामिल हुए। चुनाव प्रचार के क्रम में भाजपा नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल पीलीभीत में पार्टी प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

**********

मैनपुरी में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद जयवीर सिंह मैनपुरी में एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मौजूद रहेंगे। उधर, मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव भी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित रहेंगे। इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जायेंगे।

**********

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिये सात और उम्मीदवारों की सूची आज जारी की। पार्टी ने फूलपुर लोकसभा सीट से अमरनाथ मौर्य, श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा, डुमरियागंज से भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछली शहर लोकसभा सीट से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर लोकसभा सीट से उदय राज वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

**********

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आगामी रामनवमी त्यौहार की तैयारियों को लेकर लखनऊ में एक समीक्षा बैठक की। इस बार अयोध्या में भव्य तरीके से श्रीराम नवमी का त्यौहार मनाया जाएगा। अयोध्या में पच्चीस लाख श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अयोध्या में रामनवमी का मेला नौ अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है और यह सत्रह अप्रैल तक चलेगा।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अयोध्या में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं उन सभी का कायाकल्प करवाना है। वह बड़ी छावनी मैदान में गुजरात के प्रख्यात कथाकार रमेश ओझा की कथा में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के दिव्य और भव्य राममंदिर की तरह ही आंगनबाड़ी केंद्र भी एक शिक्षा के मंदिर के रूप में सुसज्जित किये जाएंगे।

**********

भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की एक सौ चौतीस वीं जयंती कल धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश के अलग–अलग शहरों में विविध आयोजन किये गये। कहीं रैलियां निकाली गयी तो कहीं संगोष्ठियों के जरिये बाबा साहब के योगदान को याद किया गया। आम्बेडकर जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेशभर में आम्बेडकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बीआर आम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक असामानता को दूर करने का काम किया है। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब ने ऐसे समाज का सपना देखा था, जिसमें भेदभाव के लिये कोई स्थान न हो। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बाबा साहब की जयंती पर उनको नमन करते हुए श्रद्धा–सुमन अर्पित किये। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब के अधूरे मिशन को बसपा पूरा करेगी।

**********

लोक संस्कृति के संवर्द्धन के लिए कुशीनगर जिले के जोगिया जनूबी पट्टी गाँव में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लोक उत्सव कल देर शाम शुरू हुआ। लोकरंग संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में सूरीनाम और नीदरलैंड के गिरमिटिया भोजपुरी कलाकार हिस्सा ले रहे है। इसके अलावा इस लोक उत्सव में असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, राजस्थान के लोक कलाकारो की प्रस्तुति भी देखने को मिलेगी हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट........

***देशी–विदेशी लोक कलाकरों की टीम आयोजन स्थल पर पहुंच चुकी है। गाजीपुर के संभावना कला मंच ने भित्ति चित्र, पोस्टर व कलात्मक चित्रकारी से पूरे गाँव को सजा दिया है। अनेक राज्यों के लोक नृत्य, वादन व गायन के कार्यक्रम होंगे। 15 अप्रैल को दिन में विचार गोष्ठी के साथ ही रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। लोकरंग समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र कुशवाहा ने बताया कि नई पीढ़ी को लोक साहित्य और लोक संस्कृति से परिचित कराने और लोक कलाकारों को मंच देने के साथ ही व्यवसायिक सिनेमा के अभिजात्य वर्ग ने भोजपुरी और हिंदी में जो फूहड़ता पैदा की है उसका विरोध भी आयोजन का उद्देश्य है। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार कुशीनगर।***

**********